**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 22.05.2026 (संध्या–1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक, 5 अगस्त को प्रारूप मतदाता सूची होगी प्रकाशित।**
2. **झारखंड समावेशी आजीविका योजना से अति गरीब परिवारों को मिलेगा सशक्तिकरण, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा राज्य का समावेशी विकास मॉडल बना राष्ट्रीय उदाहरण।**
3. **जेटेट की क्षेत्रीय भाषा सूची में भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका को शामिल करने के मुद्दे पर उच्चस्तरीय समिति की बैठक में लंबी चर्चा, नहीं बन सकी सहमति।**
4. **राज्य की खराब बिजली व्यवस्था पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर जताई चिंता, हजारीबाग में लंबे शटडाउन के विरोध में बिजली कार्यालय पहुंचे विधायक।**
5. **जापान में आयोजित होने वाले महिला अंडर–18 एशिया कप के लिए घोषित भारतीय हॉकी टीम में झारखंड की छह खिलाड़ियों का हुआ चयन।**

***********************

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को लेकर बैठक की। उन्होंने बताया कि 5 अगस्त 2026 को मतदाता सूची के प्रारूप प्रकाशन के साथ **एब्सेंट, शिफ्टेड, डेथ एवं डुप्लिकेट** मतदाताओं की सूची भी जारी की जाएगी, जिसे सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि 23 मई से दो सप्ताह तक अन–मैप्ड मतदाताओं की सूची सभी मतदान केंद्रों पर प्रदर्शित की जाएगी और संबंधित मतदाता बीएलओ से संपर्क कर मैपिंग करा सकते हैं।

***********************

ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि राज्य में अति गरीब एवं वंचित परिवारों के सशक्तिकरण के लिए झारखंड समावेशी आजीविका योजना की शुरुआत की गई है। प्रोजेक्ट भवन में आयोजित कार्यक्रम में मंत्री ने कहा कि झारखंड का समावेशी विकास मॉडल अब पूरे देश के लिए उदाहरण बन चुका है और भारत सरकार ने इसे राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने का निर्णय लिया है। योजना के तहत अगले चरणों में राज्य के हजारों अति–गरीब परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

***********************

झारखंड शिक्षक पात्रता परीक्षा (जेटेट) में भोजपुरी, मगही, मैथिली और अंगिका को क्षेत्रीय भाषा के रूप में शामिल करने के मुद्दे पर अभी सहमति नहीं बन पाई है। इस मामले को लेकर आज हुई पांच मंत्रियों की हाई लेवल कमेटी की बैठक में फैसला नहीं हो सका है। बैठक में प्रतियोगी परीक्षाओं के मौजूदा भाषा पैटर्न, विशेषकर पार्ट–2 के नियमों पर गंभीर चर्चा हुई। अब इस पूरे भाषाई विवाद पर अंतिम निर्णय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के फैसले पर निर्भर माना जा रहा है।

***********************

झारखंड में उच्च शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने और विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने को लेकर आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन में शोध, रोजगारोन्मुखी शिक्षा, तकनीकी बदलाव और प्रशासनिक पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

इस दौरान शिक्षा विभाग के सचिव राहुल पुरवार ने कहा कि स्टूडेंट्स के लिए राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है ताकि विद्यार्थियों को इसका लाभ मिल सके।

***********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार रांची में इस्कॉन द्वारा आयोजित 'श्री हरे कृष्ण उत्सव' में शामिल हुए और कीर्तन श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस्कॉन से उनका गहरा जुड़ाव रहा है और संस्था समाजहित में सराहनीय कार्य कर रही है। राज्यपाल ने इस्कॉन से जनजातीय समाज को भी अधिक से अधिक जोड़कर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में कार्य करने का आह्वान किया।

***************************

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और ऊर्जा विभाग को पत्र लिखकर राज्य की खराब बिजली व्यवस्था पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के बीच जनता अनियमित बिजली आपूर्ति, लो–वोल्टेज और ट्रांसफॉर्मर खराब होने की समस्या से परेशान है तथा सरकार से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग की है।

इधर हजारीबाग में 10 घंटे से अधिक बिजली कटौती से नाराज हजारीबाग विधायक प्रदीप प्रसाद बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने ने कहा कि लगातार बिजली कटने से आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

***************************

जमशेदपुर में पर्वत और नदी संरक्षण विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन की शुरुआत हुई, जिसमें देशभर के पर्यावरणविद, जल विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। इस मौके पर जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय ने कहा कि पर्वत भारत की पहली आधारभूत संरचना हैं और इनके बिना नदियों तथा पर्यावरण का अस्तित्व संभव नहीं है।

***************************

हीट वेव को देखते हुए रांची सदर अस्पताल में विशेष हीट स्ट्रोक वार्ड बनाया गया है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. बिमलेश कुमार सिंह ने कहा कि फिलहाल हीट स्ट्रोक के मामले कम हैं, लेकिन अस्पताल पूरी तरह तैयार है।

***************************

मौसम केंद्र रांची ने पूर्वी सिंहभुम, गिरिडीह, कोडरमा और सरायकेला–खरसावां जिलों में अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक से तीन घंटे के भीतर इन क्षेत्रों में मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन, वज्रपात और बारिश होने की संभावना है। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है।

***************************

रांची के धुर्वा स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में 15 दिवसीय रांची जिला ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर शुरू हुआ। शिविर में मलखंब, योग, खो–खो, कबड्डी, आत्या–पात्या और बैडमिंटन के बेसिक कौशल का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

***************************

जापान में होने वाले महिला अंडर–18 एशिया कप के लिए घोषित भारतीय हॉकी टीम में झारखंड की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। हॉकी झारखंड ने इसे राज्य की हॉकी परंपरा और सरकारी प्रशिक्षण व्यवस्था की बड़ी उपलब्धि बताया है। गौरतलब है कि भारत अपना पहला मुकाबला 30 मई को मलेशिया के खिलाफ खेलेगा, जबकि टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून तक जापान में आयोजित होगा।

***************************

नोएडा में आयोजित 11वीं नेशनल रैंकिंग स्पीड स्केटिंग प्रतियोगिता में झारखंड के खिलाड़ी रुद्रांश शर्मा ने स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। रोलर स्केटिंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने रुद्रंश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

**********************